**Series : FEH3G** **SET ~ 1**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **32/3/1**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# सामाजिक विज्ञान

# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* *Maximum Marks : **80***

| **नोट / NOTE** | # |
|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **21 + 1** मानचित्र हैं।<br>Please check that this question paper contains **21** printed pages **+1** Map. |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।<br>Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **37** प्रश्न हैं।<br>Please check that this question paper contains **37** questions. |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**<br>**Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।<br>15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **37** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र छः खण्डों में विभाजित है — **खण्ड क, ख, ग, घ, ङ** एवं **च**।*

*(iii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **20** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

*(iv)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **21** से **24** अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है। इन प्रश्नों का उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।*

*(v)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **25** से **29** लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। इन प्रश्नों का उत्तर **60** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।*

*(vi)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **30** से **33** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है। इन प्रश्नों का उत्तर **120** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **34** से **36** केस/स्रोत-आधारित प्रश्न हैं, जिनमें तीन उप-प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है।*

*(viii)* ***खण्ड च** – प्रश्न संख्या **37** मानचित्र कौशल-आधारित प्रश्न है, जिसमें दो भाग हैं – **37 (क)** इतिहास (**2** अंक) और **37 (ख)** भूगोल (**3** अंक)। इस प्रश्न के कुल **5** अंक हैं।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

## खण्ड क

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)** *(20×1=20)*

**1.** निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल है ? *1*

(A) भोजपुरी (B) मगधी

(C) राजस्थानी (D) तमिल

**2.** भारत की निम्नलिखित में से किस अंग में महिलाएँ आरक्षण का लाभ ले रही हैं ? *1*

(A) नगरपालिका (B) विधान परिषद

(C) राज्य सभा (D) न्यायपालिका

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains* ***37*** *questions.* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

*(ii)* *Question paper is divided into* ***six*** *sections —* ***Section A, B, C, D, E*** *and* ***F****.*

*(iii)* ***Section A*** *– Questions no.* ***1*** *to* ***20*** *are Multiple Choice type questions. Each question carries* ***1*** *mark.*

*(iv)* ***Section B*** *– Questions no.* ***21*** *to* ***24*** *are Very Short Answer type questions. Each question carries* ***2*** *marks. Answer to these questions should not exceed* ***40*** *words.*

*(v)* ***Section C*** *– Questions no.* ***25*** *to* ***29*** *are Short Answer type questions. Each question carries* ***3*** *marks. Answer to these questions should not exceed* ***60*** *words.*

*(vi)* ***Section D*** *– Questions no.* ***30*** *to* ***33*** *are Long Answer (LA) type questions. Each question carries* ***5*** *marks. Answer to these questions should not exceed* ***120*** *words.*

*(vii)* ***Section E*** *– Questions no.* ***34*** *to* ***36*** *are Case /Source-based questions with three sub-questions. Each question carries* ***4*** *marks.*

*(viii)* ***Section F*** *– Question no.* ***37*** *is Map skill-based question with two parts –* ***37(a)*** *from History (****2*** *marks) and* ***37(b)*** *from Geography (****3*** *marks). This question carries total* ***5*** *marks.*

*(ix)* *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

## SECTION A

**(Multiple Choice Questions)** *(20×1=20)*

**1.** Which one of the following languages is included in the Eighth Schedule of the Indian Constitution ? *1*

(A) Bhojpuri (B) Magadhi

(C) Rajasthani (D) Tamil

**2.** In which one of the following organs of India are women taking advantage of reservation ? *1*

(A) Municipality (B) Legislative Council

(C) Rajya Sabha (D) Judiciary

**3.** निम्नलिखित में से सही सुमेलित युग्म का चयन कीजिए : *1*

(A) समवर्ती सूची – शिक्षा

(B) समवर्ती सूची – प्रतिरक्षा

(C) समवर्ती सूची – पुलिस

(D) समवर्ती सूची – व्यापार

**4.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन लैंगिक समानता को प्रदर्शित करता है ? *1*

(A) महिलाओं के मत का मूल्य पुरुषों के मत के मूल्य से अधिक होना।

(B) महिलाओं को घर के कार्यों तक सीमित करना।

(C) पुरुषों को अधिक अधिकार प्रदान करना।

(D) पुरुषों एवं महिलाओं को समान मताधिकार प्रदान करना।

**5.** भारत की दलीय व्यवस्था में सुधार हेतु राजनीतिक दलों को निम्नलिखित में से कौन-से कार्य करना अनिवार्य बना दिया गया है ? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए। *1*

I. अब सभी राजनीतिक दलों के लिए आयकर रिटर्न भरने की अनिवार्यता होना।

II. अब सभी दलों में एक-तिहाई महिला सदस्यों की अनिवार्यता होना।

III. अब सभी राजनीतिक दलों के लिए सांगठनिक चुनाव करने की अनिवार्यता होना।

IV. अब शपथ-पत्र द्वारा सभी उम्मीदवारों को न्यायालय में चल रहे मामलों की जानकारी देने की अनिवार्यता होना।

**विकल्प :**

(A) केवल I, II और III सही हैं।

(B) केवल I, II और IV सही हैं।

(C) केवल I, III और IV सही हैं।

(D) केवल II, III और IV सही हैं।

**6.** निम्नलिखित में से कौन-सा समूह श्रीलंका में बहुसंख्यक है ? *1*

(A) तमिल-भाषी (B) सिंहली-भाषी

(C) तेलुगु-भाषी (D) अंग्रेज़ी-भाषी

3. Choose the correctly matched pair from the following : *1*

(A) Concurrent List – Education
(B) Concurrent List – Defence
(C) Concurrent List – Police
(D) Concurrent List – Trade

4. Which of the following statements represent gender equality ? *1*

(A) The value of women's vote is more than that of men.
(B) Restricting women to household chores.
(C) Providing more rights to men.
(D) Providing voting rights equally to men and women.

5. To reform the party system, which of the following tasks have been made compulsory for the political parties ? Choose the most appropriate option. *1*

I. It is now compulsory for all the political parties to file income tax returns.
II. It is now compulsory for all parties to have one-third women candidates.
III. It is now compulsory for all the political parties to hold their organisational election.
IV. It is now compulsory for all candidates to disclose information about pending criminal cases against them through affidavit.

**Options :**

(A) Only I, II and III are correct.
(B) Only I, II and IV are correct.
(C) Only I, III and IV are correct.
(D) Only II, III and IV are correct.

6. Which of the following group is in majority in Sri Lanka ? *1*

(A) Tamil-speakers
(B) Sinhala-speakers
(C) Telugu-speakers
(D) English-speakers

**7.** नीचे दो कथन दिए गए हैं । ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं । दोनों कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*अभिकथन (A)* : भारत में प्रत्येक दल को चुनाव आयोग के पास पंजीकरण करवाना होता है।

*कारण (R)* : भारत में सभी राजनीतिक दलों को सरकार चुनाव चिह्न प्रदान करती है।

**विकल्प :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है।

(D) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है।

**8.** नीचे एक काल्पनिक देश से संबंधित आँकड़े दिए गए हैं । इन आँकड़ों का अध्ययन कीजिए और उनके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर लिखिए : *1*

| *आयु* | *कुल जनसंख्या* | *निवल उपस्थिति* |
|---|---|---|
| 7 तथा 8 वर्ष की आयु | 1200 | 1000 |
| 14 तथा 15 वर्ष की आयु | 1000 | 800 |
| कुल | 2200 | 1800 |

इस देश के 14 तथा 15 वर्ष के आयु वर्ग का उपस्थिति प्रतिशत ___________ है।

(A) 90 प्रतिशत (B) 80 प्रतिशत

(C) 70 प्रतिशत (D) 60 प्रतिशत

**9.** निम्नलिखित विशेषताओं के आधार पर क्षेत्रक की पहचान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

- इस क्षेत्रक का उद्देश्य लाभ अर्जित करना होता है।
- इस क्षेत्रक का स्वामित्व एक व्यक्ति या कंपनी के हाथ में होता है।
- टाटा आयरन व स्टील इस क्षेत्रक का उदाहरण है।

**विकल्प :**

(A) सहकारी क्षेत्रक

(B) असंगठित क्षेत्रक

(C) सार्वजनिक क्षेत्रक

(D) निजी क्षेत्रक

**7.** Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements and choose the correct option : *1*

*Assertion (A)* : Every party in India has to register with the Election Commission.

*Reason (R)* : The Government provides election symbols to all political parties in India.

**Options :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**8.** Data related to an imaginary country is given below. Study these data and answer the question that follows : *1*

| *Age* | *Total Population* | *Net Attendance* |
|---|---|---|
| 7 and 8 years of age | 1200 | 1000 |
| 14 and 15 years of age | 1000 | 800 |
| Total | 2200 | 1800 |

The attendance percentage of this country of the age group of 14 and 15 years is __________.

(A) 90 percent (B) 80 percent

(C) 70 percent (D) 60 percent

**9.** Identify the sector on basis of the following characteristics and choose the correct option : *1*

- The objective of this sector is to earn profit.
- This sector is owned by a person or company.
- Tata Iron and Steel is a example of this sector.

**Options :**

(A) Cooperative Sector

(B) Unorganised Sector

(C) Public Sector

(D) Private Sector

**10.** औपचारिक क्षेत्रक से ऋण लेना क्यों आसान नहीं है ? निम्नलिखित कारणों को पढ़िए और सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए : *1*

I. बैंकों की उपलब्धता

II. ऋणाधार की उपलब्धता

III. ऋण की लंबी एवं जटिल प्रक्रिया

IV. ऋणार्थी की जागरूकता

**विकल्प :**

(A) केवल I, II और III सही हैं।

(B) केवल II, III और IV सही हैं।

(C) केवल I, II और IV सही हैं।

(D) केवल I, III और IV सही हैं।

**11.** मानव विकास रिपोर्ट का प्रकाशन किस संस्था द्वारा किया जाता है ? *1*

(A) विश्व व्यापार संगठन

(B) एमनेस्टी इंटरनेशनल

(C) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम

(D) विश्व स्वास्थ्य संगठन

**12.** विषम की पहचान कीजिए। *1*

(A) हिंदुस्तान कंप्यूटर्स लिमिटेड

(B) भारती एयरटेल लिमिटेड

(C) हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड

(D) भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

**13.** रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए :
सरकार द्वारा विदेशी व्यापार और निवेश पर अवरोधकों को हटाने की प्रक्रिया __________ के नाम से जानी जाती है। *1*

**विकल्प :**

(A) आयात कर

(B) निर्यात कर

(C) उदारीकरण

(D) औद्योगीकरण

**10.** Why is it not easy to get loans from the formal sector ? Read the following reasons and choose the most appropriate option : *1*

I. Availability of Banks

II. Availability of Collateral

III. Long and Complicated Loan Process

IV. Awareness of Borrower

**Options :**

(A) Only I, II and III are correct. (B) Only II, III and IV are correct.

(C) Only I, II and IV are correct. (D) Only I, III and IV are correct.

**11.** By which organization is the Human Development Report published ? *1*

(A) World Trade Organisation

(B) Amnesty International

(C) United Nations Development Programme

(D) World Health Organisation

**12.** Identify the odd one out. *1*

(A) Hindustan Computers Limited

(B) Bharti Airtel Limited

(C) Hindustan Unilever Limited

(D) Bharat Heavy Electricals Limited

**13.** Choose the correct option to fill in the blank : *1*

The process of removing barriers on foreign trade and investment by the government is known as _________.

**Options :**

(A) Import Tax

(B) Export Tax

(C) Liberalisation

(D) Industrialisation

**14.** नीचे दो कथन दिए गए हैं। ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं। दोनों कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*अभिकथन (A)* : भारत में अधिकांश पटसन उद्योग हुगली नदी के तट पर एक संकरी मेखला में अवस्थित है।

*कारण (R)* : भारत पटसन का दूसरा बड़ा निर्यातक है।

**विकल्प :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है।

(D) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है।

**15.** स्तंभ I का स्तंभ II से मिलान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

| | *स्तंभ I* | | *स्तंभ II* |
|---|---|---|---|
| a. | सरिस्का वन्यजीव पशुविहार | i. | उत्तराखंड |
| b. | मानस बाघ रिज़र्व | ii. | राजस्थान |
| c. | पेरियार बाघ रिज़र्व | iii. | असम |
| d. | कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान | iv. | केरल |

**विकल्प :**

(A) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

(B) a-ii, b-iii, c-iv, d-i

(C) a-iv, b-i, c-iii, d-ii

(D) a-ii, b-i, c-iv, d-iii

**16.** श्रीमती मोनिका, अपने परिवार के साथ, जमीन के टुकड़े को साफ करके उस पर अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए अनाज व अन्य खाद्य फ़सलें उगाती है। जब मृदा की उर्वरता कम हो जाती है, तो वह कृषि के लिए भूमि का दूसरा टुकड़ा तैयार करती है। वह निम्नलिखित में से कृषि की किस विधि का उपयोग करती है ? *1*

(A) रोपण कृषि

(B) कर्तन और दहन कृषि

(C) गहन जीविका कृषि

(D) वाणिज्यिक कृषि

**14.** Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements and choose the correct option : *1*

*Assertion (A)* : Most of the jute industry in India is located in a narrow belt along the banks of Hugli river.

*Reason (R)* : India is the second largest exporter of jute.

**Options :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**15.** Match Column I with Column II and choose the correct option : *1*

| | *Column I* | | *Column II* |
|---|---|---|---|
| a. | Sariska Wildlife Sanctuary | i. | Uttarakhand |
| b. | Manas Tiger Reserve | ii. | Rajasthan |
| c. | Periyar Tiger Reserve | iii. | Assam |
| d. | Corbett National Park | iv. | Kerala |

**Options :**

(A) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

(B) a-ii, b-iii, c-iv, d-i

(C) a-iv, b-i, c-iii, d-ii

(D) a-ii, b-i, c-iv, d-iii

**16.** Mrs. Monica, along with her family, clears a piece of land and grows grain and other food crops to feed her family. When the soil's fertility decreases, she prepares another piece of land for agriculture. Which of the following methods of agriculture does she use ? *1*

(A) Plantation farming

(B) Slash and burn farming

(C) Intensive subsistence farming

(D) Commercial farming

**17.** सोलहवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में किस बीमारी के कीटाणुओं ने अमेरिका पर यूरोप की विजय का मार्ग प्रशस्त किया ? *1*

(A) हैज़ा

(B) चेचक

(C) पीलिया

(D) मलेरिया

**18.** जर्मेनिया रूपक के संदर्भ में ''तलवार पर लिपटी जैतून की डाली'' निम्नलिखित में से किसका प्रतीक थी ? *1*

(A) आज़ादी मिलने की

(B) बहादुरी और शक्ति की

(C) शांति की चाह की

(D) एक नए युग के सूत्रपात की

**19.** निम्नलिखित में से किस समाचार-पत्र का संबंध बाल गंगाधर तिलक से है ? *1*

(A) हिन्दुस्तान

(B) बांग्ला पत्रिका

(C) वीर भूमि

(D) केसरी

**20.** निम्नलिखित ऐतिहासिक घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

I. बारदोली सत्याग्रह

II. रॉलट सत्याग्रह

III. चंपारण सत्याग्रह

IV. खेड़ा सत्याग्रह

**विकल्प :**

(A) I, II, III, IV

(B) III, II, I, IV

(C) II, I, IV, III

(D) III, IV, II, I

**17.** The germs of which disease paved the way for Europe's conquest of America in the later half of the sixteenth century ? *1*

(A) Cholera

(B) Smallpox

(C) Jaundice

(D) Malaria

**18.** In reference to the Germania allegory the "olive branch around the sword" symbolizes which one of the following ? *1*

(A) Being freed

(B) Heroism and strength

(C) Willingness to make peace

(D) Beginning of a new era

**19.** Which among the following newspapers is related to Bal Gangadhar Tilak ? *1*

(A) Hindustan

(B) Bangla Patrika

(C) Veer Bhoomi

(D) Kesari

**20.** Arrange the following historical events in chronological order and choose the correct option : *1*

I. Bardoli Satyagraha

II. Rowlatt Satyagraha

III. Champaran Satyagraha

IV. Kheda Satyagraha

**Options :**

(A) I, II, III, IV

(B) III, II, I, IV

(C) II, I, IV, III

(D) III, IV, II, I

## खण्ड ख

**(अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)** *(4×2=8)*

**21.** भारत पर प्रथम विश्व युद्ध के किन्हीं दो आर्थिक प्रभावों का उल्लेख कीजिए। *2*

**22.** भारत के संदर्भ में 'सत्ता की साझेदारी' के ऊर्ध्वाधर वितरण की प्रभावशीलता की व्याख्या कीजिए। *2*

**23.** (क) 'शुष्क मृदा' की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए। *2*

**अथवा**

(ख) 'वन मृदा' की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए। *2*

**24.** 1947 – 1991 के मध्य भारत सरकार ने विदेशी व्यापार एवं विदेशी निवेश को सीमित क्यों किया ? स्पष्ट कीजिए। *2*

## खण्ड ग

**(लघु-उत्तरीय प्रश्न)** *(5×3=15)*

**25.** (क) भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष पर गाँधी-इरविन समझौते के प्रभावों का विश्लेषण कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में अल्लूरी सीताराम राजू की भूमिका का विश्लेषण कीजिए। *3*

**26.** औद्योगीकरण एवं शहरीकरण ने जल आपूर्ति को किस प्रकार प्रभावित किया है ? स्पष्ट कीजिए। *3*

**27.** लोकतंत्र किस प्रकार एक उत्तरदायी, ज़िम्मेवार और वैध शासन की स्थापना करता है ? व्याख्या कीजिए। *3*

**28.** ''भारतीय बैंकों पर नियंत्रण रखने में भारतीय रिज़र्व बैंक एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।'' इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए। *3*

**29.** ''केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच सत्ता का बँटवारा भारतीय संविधान की बुनियादी बात है।'' उपयुक्त तर्कों सहित इस कथन का विश्लेषण कीजिए। *3*

## खण्ड घ

**(दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)** *(4×5=20)*

**30.** (क) ''मुद्रित पुस्तक को लेकर समाज के सभी लोग उत्साहित नहीं थे।'' सोलहवीं शताब्दी के यूरोप के उदाहरणों के माध्यम से इस कथन की व्याख्या कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) ''सत्रहवीं शताब्दी तक, चीन में शहरी संस्कृति के फलने-फूलने से छपाई के इस्तेमाल में भी विविधता आई।'' उदाहरणों सहित इस कथन की व्याख्या कीजिए। *5*

## SECTION B

**(Very Short Answer Type Questions)** *(4×2=8)*

**21.** Mention any two economic impacts of the First World War on India. *2*

**22.** Explain the effectiveness of vertical distribution of 'power sharing' in the context of India. *2*

**23.** (a) Describe any two features of 'arid soils'. *2*

**OR**

(b) Describe any two features of 'forest soils'. *2*

**24.** Why did the Indian Government restrict foreign trade and foreign investment between 1947 – 1991 ? Explain. *2*

## SECTION C

**(Short Answer Type Questions)** *(5×3=15)*

**25.** (a) Analyse the impacts of Gandhi-Irwin pact on the Indian freedom struggle. *3*

**OR**

(b) Analyse the role of Alluri Sitaram Raju in the Indian National Movement. *3*

**26.** How have industrialisation and urbanisation impacted water supply ? Explain. *3*

**27.** How does democracy establish an accountable, responsible and legitimate governance ? Explain. *3*

**28.** "Reserve Bank of India plays a crucial role in regulating the Indian banks." Justify the statement. *3*

**29.** "Sharing of power between the Union Government and the State Governments is basic to the structure of the Indian Constitution." Analyse the statement with suitable arguments. *3*

## SECTION D

**(Long Answer Type Questions)** *(4×5=20)*

**30.** (a) "Not everyone welcomed the printed book." Explain the statement with examples from sixteenth century Europe. *5*

**OR**

(b) "By the seventeenth century, the flourishing of urban culture in China also led to diversity in the use of printing." Explain the statement with examples. *5*

**31.** (क) भारत सरकार ने कृषि के क्षेत्र में संस्थागत सुधारों हेतु कुछ सुझाव आमंत्रित किए हैं। सरकार को ऐसे कोई पाँच संस्थागत सुधार सुझाइए जो कृषि के हित में हों। *5*

**अथवा**

(ख) मान लीजिए आप एक किसान हैं। आप भारत में चावल की खेती करना चाहते हैं। ऐसी किन्हीं तीन भौगोलिक दशाओं का वर्णन कीजिए जो भारत में चावल की कृषि के लिए उपयुक्त होंगी एवं भारत के दो चावल उत्पादक अग्रणी राज्यों के नाम लिखिए। *3+2=5*

**32.** (क) ''धर्मनिरपेक्षता भारतीय संविधान की बुनियादी बात है।'' इस कथन की पुष्टि कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) श्रम की लैंगिक समानता को स्थापित करने हेतु कोई पाँच उपाय सुझाइए। *5*

**33.** (क) अर्थव्यवस्था के सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रक में उदाहरणों सहित अंतर स्पष्ट कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) मान लीजिए आप अपने गाँव के सरपंच हैं। गाँव में अतिरिक्त रोज़गार के सृजन हेतु आप कौन-से सुझाव देंगे जिससे ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों की बेरोज़गारी की समस्या कम की जा सके ? *5*

## खण्ड ङ

### (केस/स्रोत-आधारित प्रश्न) *(3×4=12)*

**34.** दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**क्रांतिकारी**

1815 के बाद के वर्षों में दमन के भय ने अनेक उदारवादी-राष्ट्रवादियों को भूमिगत कर दिया। बहुत सारे यूरोपीय राज्यों में क्रांतिकारियों को प्रशिक्षण देने और विचारों का प्रसार करने के लिए गुप्त संगठन उभर आए। उस समय क्रांतिकारी होने का मतलब उन राजतंत्रीय व्यवस्थाओं का विरोध करने से था जो वियना काँग्रेस के बाद स्थापित की गई थीं। साथ ही स्वतंत्रता और मुक्ति के लिए प्रतिबद्ध होना और संघर्ष करना क्रांतिकारी होने के लिए ज़रूरी था। ज़्यादातर क्रांतिकारी राष्ट्र-राज्यों की स्थापना को आज़ादी के इस संघर्ष का अनिवार्य हिस्सा मानते थे।

(34.1) उदारवादियों की किसी एक राजनीतिक माँग का उल्लेख कीजिए। *1*

(34.2) यूरोपीय राज्यों में गुप्त संगठनों के उदय के प्रमुख कारण का उल्लेख कीजिए। *1*

(34.3) 1815 के बाद अनेक उदारवादी-राष्ट्रवादियों के भूमिगत होने के कारणों का विश्लेषण कीजिए। *2*

**31.** (a) The Government of India has invited some suggestions for institutional reforms in agriculture. Propose any five institutional reforms to the Government for the betterment of agriculture. *5*

**OR**

(b) Suppose you are a farmer. You want to cultivate rice in India. Describe any three geographical conditions which will be suitable for rice cultivation in India and write the names of two leading rice producing states of India. *3+2=5*

**32.** (a) "Secularism is the very idea of Indian Constitution." Justify the statement. *5*

**OR**

(b) Suggest any five measures to establish the gender equality of labour. *5*

**33.** (a) Distinguish between public and private sector of economy with examples. *5*

**OR**

(b) Suppose you are the Sarpanch of your village. What suggestions will you give for creating additional employment in the village, so that the problem of unemployment of the residents of rural areas can be reduced ? *5*

## SECTION E

### (Case/Source-Based Questions) *(3×4=12)*

**34.** Read the given source and answer the questions that follow :

### The Revolutionaries

During the years following 1815, the fear of repression drove many liberal-nationalists underground. Secret societies sprang up in many European states to train revolutionaries and spread their ideas. To be revolutionary at this time meant a commitment to oppose monarchical forms that had been established after the Vienna Congress, and to fight for liberty and freedom. Most of these revolutionaries also saw the creation of nation-states as a necessary part of this struggle for freedom.

(34.1) Mention any one political demand of the liberals. *1*

(34.2) Mention the main cause for the rise of secret societies in European States. *1*

(34.3) Analyse the reasons for many liberal-nationalists going underground after 1815. *2*

**35.** दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**लौह अयस्क**

लौह अयस्क एक आधारभूत खनिज है तथा औद्योगिक विकास की रीढ़ है। भारत में लौह अयस्क के विपुल संसाधन विद्यमान हैं। भारत उच्च कोटि के लोहांशयुक्त लौह अयस्क में धनी है। मैग्नेटाइट सर्वोत्तम प्रकार का लौह अयस्क है जिसमें 70 प्रतिशत लोहांश उच्च मात्रा में पाया जाता है। इसमें सर्वश्रेष्ठ चुंबकीय गुण होते हैं, जो विद्युत उद्योगों में विशेष रूप से उपयोगी हैं। हेमेटाइट सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण औद्योगिक लौह अयस्क है जिसका अधिकतम मात्रा में उपयोग हुआ है, किंतु इसमें लोहांश की मात्रा मैग्नेटाइट की अपेक्षा थोड़ी-सी कम होती है (इसमें लोहांश 50 से 60 प्रतिशत तक पाया जाता है)। वर्ष 2018 – 19 में लौह अयस्क का लगभग समस्त उत्पादन (97%) ओडिशा, छत्तीसगढ़, कर्नाटक और झारखंड से प्राप्त हुआ। शेष उत्पादन (3%) अन्य राज्यों से हुआ था।

(35.1) किस लौह अयस्क में सर्वाधिक लोहांश पाया जाता है ? *1*

(35.2) सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण औद्योगिक लौह अयस्क कौन-सा है ? *1*

(35.3) "लौह अयस्क एक आधारभूत खनिज है।" इस कथन की पुष्टि कीजिए। *2*

**36.** दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**संगठित क्षेत्रक**

कान्ता संगठित क्षेत्रक में काम करती है। संगठित क्षेत्रक में वे उद्यम अथवा कार्य-स्थान आते हैं जहाँ रोज़गार की अवधि नियमित होती है और इसलिए लोगों के पास सुनिश्चित काम होता है। वे क्षेत्रक सरकार द्वारा पंजीकृत होते हैं और उन्हें सरकारी नियमों एवं विनियमों का अनुपालन करना होता है। इन नियमों एवं विनियमों का अनेक विधियों जैसे — कारखाना अधिनियम, न्यूनतम मज़दूरी अधिनियम, सेवानुदान अधिनियम, दुकान एवं प्रतिष्ठान अधिनियम, इत्यादि में उल्लेख किया गया है। इसे संगठित क्षेत्रक कहते हैं क्योंकि इसकी कुछ औपचारिक प्रक्रियाएँ एवं कार्यविधियाँ हैं। इनमें कुछ लोग किसी के द्वारा नियोजित नहीं होते बल्कि वे स्वत: काम कर सकते हैं, परन्तु उन्हें भी अपने को सरकार के समक्ष पंजीकृत कराना होता है और नियमों एवं विनियमों का अनुपालन करना होता है।

(36.1) संगठित क्षेत्रक की कार्य दशाओं की किसी एक विशेषता का उल्लेख कीजिए। *1*

(36.2) संगठित क्षेत्रक के कर्मचारियों को नियोक्ता द्वारा मिलने वाले किसी एक लाभ को स्पष्ट कीजिए। *1*

(36.3) स्व-रोज़गार में जुटे हुए सभी लोगों को सरकार के समक्ष पंजीकरण करवाना क्यों आवश्यक है ? *2*

**35.** Read the given source and answer the questions that follow :

**Iron Ore**

Iron ore is the basic mineral and the backbone of industrial development. India is endowed with fairly abundant resources of iron ore. India is rich in good quality iron ores. Magnetite is the finest iron ore with a very high content of iron up to 70 per cent. It has excellent magnetic qualities, especially valuable in the electrical industry. Hematite ore is the most important industrial iron ore in terms of the quantity used, but has a slightly lower iron content than magnetite (50 – 60 per cent). In 2018 – 19, almost the entire production of iron ore (97%) accrued from Odisha, Chhattisgarh, Karnataka and Jharkhand. The remaining production (3%) was from other states.

(35.1) In which iron ore is the maximum iron content found ? *1*

(35.2) Which is the most important industrial iron ore ? *1*

(35.3) "Iron ore is a basic mineral." Support the statement. *2*

**36.** Read the given source and answer the questions that follow :

**Organised Sector**

Kanta works in the organised sector. Organised sector covers those enterprises or places of work where the terms of employment are regular and therefore, people have assured work. They are registered by the government and have to follow its rules and regulations which are given in various laws such as the Factories Act, Minimum Wages Act, Payment of Gratuity Act, Shops and Establishments Act, etc. It is called Organised Sector because it has some formal processes and procedures. Some of these people may not be employed by anyone but may work on their own, but they too have to register themselves with the government and follow the rules and regulations.

(36.1) Mention any one feature of the working conditions of organised sector. *1*

(36.2) Explain any one benefit provided by the employers to the organised sector employees. *1*

(36.3) Why is it necessary for all self-employed people to register with the government ? *2*

## खण्ड च

**(मानचित्र कौशल-आधारित प्रश्न)** *(2+3=5)*

**37.** (क) **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 23 पर), में दो स्थानों को 'A' और 'B' के रूप में अंकित किया गया है । निम्नलिखित जानकारी की सहायता से उन्हें पहचानिए और उनके सही नाम उनके समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए : *2×1=2*

A. वह स्थान जहाँ 1927 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था ।

B. वह स्थान जहाँ महात्मा गाँधी ने नमक कानून तोड़ा था ।

***नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **37 (क)** के स्थान पर हैं ।*

(क) (i) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ 1927 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था ।

(ii) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ महात्मा गाँधी ने नमक कानून तोड़ा था । *2×1=2*

(ख) **भारत** के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र में, निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए : *3×1=3*

(i) पश्चिम बंगाल का एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन

(ii) कर्नाटक का एक सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क

(iii) महाराष्ट्र में स्थित एक आण्विक ऊर्जा संयंत्र

(iv) ओडिशा का एक प्रमुख समुद्री पत्तन

***नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **37 (ख)** के स्थान पर हैं ।*

(ख) किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । *3×1=3*

(i) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ पश्चिम बंगाल में एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन अवस्थित है ।

(ii) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ कर्नाटक में एक सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क अवस्थित है ।

(iii) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ महाराष्ट्र में एक आण्विक ऊर्जा संयंत्र अवस्थित है ।

(iv) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ ओडिशा में एक प्रमुख समुद्री पत्तन अवस्थित है ।

## SECTION F
### (Map Skill-Based Questions) *(2+3=5)*

**37.** (a) Two places 'A' and 'B' have been marked on the given political outline map of **India** (on page 23). Identify them with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them : *2×1=2*

A. The place where the session of Indian National Congress was held place in 1927.

B. The place where Mahatma Gandhi broke the Salt Law.

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***37 (a)****.*

(a) (i) Name the place where the session of Indian National Congress was held in 1927.

(ii) Name the place where Mahatma Gandhi broke the Salt Law. *2×1=2*

(b) On the same political outline map of **India**, locate and label any ***three*** of the following with suitable symbols : *3×1=3*

(i) An international airport of West Bengal

(ii) A software technology park of Karnataka

(iii) A nuclear power plant located in Maharashtra

(iv) A major sea port of Odisha

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***37 (b)****.*

(b) Attempt any ***three*** questions. *3×1=3*

(i) Name the place where an international airport is located in West Bengal.

(ii) Name the place where a software technology park is located in Karnataka.

(iii) Name the place where a nuclear power plant is located in Maharashtra.

(iv) Name the place where a major sea port is located in Odisha.

#

प्रश्न सं. 37 के लिए

For question no. 37

